हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 20 नवंबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 उपज के दाम कम मिलने से नाराज किसान ने पुल पर...



10 सर्दी ने पकड़ा जोर, पारा 10 डिग्री से नीचे, नपा...



## खबर संक्षेप

### 3 बालिकाएं करेंगी मप्र का प्रतिनिधित्व

**विदिशा।** विदिशा जिले की आर्या दीक्षित, श्रद्धा राजे सिंह और हिमांशी प्रजापति 21 से 23 नवंबर तक जालंधर, पंजाब में आयोजित होने वाली 8वीं नेशनल कैडेट ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। ताइक्वांडो संघ विदिशा के सचिव एवं मप्र टीम के कोच विकास थापा ने बताया कि प्रतियोगिता ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में पंजाब ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जा रही है। विदिशा के ध्रुव लोधी और मानस श्रीवास्तव इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। खिलाड़ियों की चयन उपलब्धि पर बीएस चौहान, विश्वामित्र अवार्डी कोच दिलीप सिंह थापा, शिवनारायण शर्मा, नीरज जाट, पुष्पेन्द्र सिंह राजपूत, नीलम पाल, कैलाश अहिरवार, हेमंत विश्वकर्मा, रोहन कुशवाह, शैलेन्द्र कुशवाह सहित खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर माल्यार्पण

**विदिशा।** अंग्रेजों से लोहा लेकर अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती देने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की 198वीं जयंती पर डंडापुरा गर्ल्स स्कूल के पास स्थित उनकी प्रतिमा पर विधायक मुकेश टंडन ने माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और पार्षद उपस्थित रहे। विधायक टंडन ने कहा कि देश की आजादी में महापुरुषों के साथ मातृशक्ति ने भी अमूल्य योगदान दिया है। रानी लक्ष्मीबाई ऐसी ही वीरांगना थीं, जिन्होंने साहस, त्याग और अदम्य देशभक्ति से अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया और अपने प्राणों की आहुति देकर स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी।

### पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू हुआ

**गुलाबगंज।** ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी की पेयजल समस्या के समाधान के लिए विधायक मुकेश टंडन के निर्देश पर बुधवार से जल निगम ने पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया है। सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी और जनपद सदस्य सचिन यादव लंबे समय से इसके लिए प्रयासरत थे। जनसुनवाई में निवेदन के बाद विधायक ने एक सप्ताह में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए, जिसके परिणामस्वरूप काम शुरू हो गया। ग्रामीणों ने विधायक, सरपंच और जनपद सदस्य का आभार व्यक्त किया है। सचिन यादव ने बताया कि लाइन बिछने के बाद प्रस्तावित सड़कों का निर्माण भी कराया जाएगा।

### चंद्रशेखर मिश्रा का निधन



**विदिशा।** परासी गांव निवासी एडवोकेट चंद्रशेखर मिश्रा का बुधवार को निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ्य थे। आज गुरुवार को सुबह 10 बजे उनके गृह ग्राम परासी गुर्जर से अंतिम यात्रा निकाली जाएगी।

---

### दिनभर में हुए घटनाक्रम, चौराहे पर हुई परिचर्चा, ऑडियो वायरल, नपा उपाध्यक्ष का पुतला फूंका

# पार्षदों ने एसपी को दिया ज्ञापन, कहा- हमें और हमारे परिवार को है खतरा, मांगी सुरक्षा

*भाजपा के पार्षदों द्वारा दिए जा रहे धरने के बीच बुधवार को नगरपालिका, विधायक और शहर विकास के मुद्दे को लेकर कई घटनाक्रम हुए। पार्षदों ने विधायक मुकेश टंडन से उन्हे और उनके परिवार को खतरा होने की बात कहते हुए एसपी को ज्ञापन दिया। तो वहीं विदिशा विचार मंच द्वारा पार्षदों के टेंट में ही चौराहे पर चर्चा की गई। इसी बीच नपा उपाध्यक्ष और ठेकेदार के बीच कमिशन की बात का एक ऑडियो वायरल हुआ। इसके बाद कांग्रेसी पार्षद राजा यादव ने नपा उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति का पुतला फूंक डाला।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शहर विकास को लेकर नीमताल चौराहे पर धरना दे रहे भाजपा के पार्षदों का प्रदर्शन आठवें दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे पार्षदों ने खुद को और उनके परिवार को खतरा होने की बात कहते हुए एसपी रोहित कशवानी के नाम आवेदन दिया है।


जिसमें उन्होंने कहा है कि धरने पर बैठे पार्षदों को सुरक्षा दी जाए। यदि हम पर या हमारे घर वालों पर कोई झूठा प्रकरण या कोई अप्रिय घटना घटती है तो इसकी समस्त जवाबदारी विदिशा विधायक की होगी। ज्ञापन में पार्षद धर्मेंद्र सक्सेना, अशोक जाट, आशीष माहेश्वरी, राजेश लोधी, दीपक कुशवाह, जमना कुशवाह सहित अन्य पार्षदों के हस्ताक्षर हैं।

वहीं विदिशा विचार मंच द्वारा पार्षदों के टेंट में ही चौराहे पर परिचर्चा आयोजित की। परिचर्चा को संबोधित करते हुए विदिशा विचार मंच के आनंदप्रताप सिंह ने कहा कि विदिशा की इस बदहाली का जिम्मेदार यहां के सांसद शिवराज सिंह चौहान हैं। उनकी ही अनदेखी है जो आज शहर के हालात बद से बत्तर हैं। नपा के नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने कहा कि पार्षदों का धरना अनिश्चितकालीन है मांगे मनवाने का यह संघर्ष जारी रहेगा। करतार सिंह ने कहा कि वर्तमान जनप्रतिनिधि आज तक के सारे जनप्रतिनिधियों में सर्वाधिक गैर जिम्मेदार है। रवि साहू ने कहा कि विदिशा भाजपा के जनप्रतिनिधियों का अहंकार ही इस दुर्दशा का जिम्मेदार है। नपाध्यक्ष और विधायक के आपसी टकराव का खामियाजा विदिशा की जनत उठा रही है। सुजीत देवलिया ने कहा कि विदिशा को पेरिस बनाने का वादा करने वालों ने विदिशा को गांव बना दिया है। यहां की सड़कें गांव की सड़कों से ख़राब हैं। इस परिचर्चा को राजकुमार पासी, प्रमोद शर्मा, बंटी सक्सेना, दिनेश विश्वकर्मा बाबा, नरेन्द्र राजपूत, सुमित वैद्य, हनी गुप्ता ने भी संबोधित किया।




**विदिशा।** धरने के दौरान विदिशा विकास मंच द्वारा परिचर्चा आयोजित की गई।

#### मेरी गलती हो तो माफी मांगने तैयार हूं: टंडन



शहर में जो वर्तमान समय में राजनीतिक हलचल है इस पर मेरा सभी से निवेदन है कि अभी चुनाव का समय नहीं है। चुनाव जब आएगा तब सभी अपनी बात जनता के बीच लेकर आएं। अभी सभी लोग शहर विकास के लिए प्रयास करें। सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि का धैर्य के साथ उपयोग करें। मैं जब नपाध्यक्ष था तब सोशल ऑडिट कर भुगतान होता था। मुख्यमंत्री ने शहर विकास के लिए सबकुछ स्वीकार कर लिया है। सभी कामों के एस्टीमेट बनने जा रहे हैं। कई बार गलत फहमियां हो जाती हैं। में खुले रूप से तैयार हूं आप जहां कहोगे वहां आकर चर्चा करने तैयार हूं। यदि मेरी गलती होगी तो मैं नाक रगड़कर माफी मांगने तैयार हूं।

#### ठेकेदार व उपाध्यक्ष ने ऑडियो को फर्जी बताया

इधर ऑडियो वायरल मामले में नपा के ठेकेदार राजेश शर्मा ने एसपी के नाम आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा कि नपा उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति और मेरी आवाज का एक ऑडियो वायरल हुआ है। जबकि हम दोनों के बीच ऐसी कोई बात हुई ही नहीं है। ऑडियों को कांट छांटकर हम दोनों की आवाज को जोड़कर ऑडिया वायरल किया गया है। उन्होंने एसपी को आवेदन देकर जांच की मांग की है। वहीं नपा उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति ने भी ऑडियो वायरल मामले में उनकी आवाज न होने की बात कहते हुए जांच की बात कही हैं। उनका कहना है कि जितना कमिशन देने की बात हो रही है उतना कोई देता है क्या।

---

## किसान के मकान से 40 क्विंटल गेहूं का बीज हुआ गायब

### अज्ञात चोरों पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

**हैदरगढ।** हैदरगढ़ पेट्रोल पंप के पास एक किसान के नवनिर्मित मकान से 40 क्विंटल गेहूं बीज अज्ञात चोर चुरा कर ले गए। किसान श्यामलाल रैकवार ने बताया कि उनके पिता की तबीयत खराब होने के कारण वे विदिशा गए हुए थे। इसी दौरान सोमवार देर रात चोरों ने मौका पाकर स्टोर रूम का ताला तोड़कर बोनी के लिए रखा गया बीज चुरा लिया। सुबह गांव के लोगों से सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि ताले टूटे पड़े थे और कमरा पूरी तरह अस्त-व्यस्त था। श्यामलाल ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी केके पवार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि विदिशा से फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी बुलाया गया है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक पिकअप वाहन और 4–5 संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच तेज गति से चल रही है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार किया जाएगा।

---

## बेटे ने कहा घर छोड़ दो, पुलिस पंचायत बनी सहारा, पांच बेटों के माता-पिता भी परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में गठित पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पंचायत कोर कमेटी सदस्य डॉ. सचिन गर्ग, आर. कुलश्रेष्ठ, दिनेश वाजपेयी और अतुल शाह भी उपस्थित रहे। बैठक में आए विभिन्न पारिवारिक विवादों की सुनवाई कर कई वरिष्ठ नागरिकों को राहत दी गई। एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ने शिकायत की कि उन्होंने अपने बेटे के नाम पर मकान बनवाया, लेकिन अब वही बेटा उन्हें घर छोड़ने के लिए कह रहा है। सुनवाई में समझाया गया कि संयुक्त परिवार में खरीदी गई संपत्ति पूरे परिवार की होती है। समझाइश के बाद बेटे ने माता-पिता से माफी मांगी और आशीर्वाद लिया।

#### ऐसे मामले भी आए

एक महिला ने बताया कि पति पैरालाइज्ड हैं। पांचों बेटे उनसे दुर्व्यवहार करते हैं। पंचायत ने बेटों को उनका दायित्व समझाया। अन्य बेटों की सुनवाई अगली बैठक में की जाएगी। एक वरिष्ठ नागरिक की जमीन का भुगतान रोके जाने के मामले में खरीददार को जल्द भुगतान के निर्देश दिए गए। एक प्रकरण में व्यापार हेतु दी गई राशि लौटाने से इनकार करने वाले युवक ने 31 दिसंबर तक रकम लौटाने की सहमति दी।

---

## 2 लाख 23 हजार 441 किसानों के खातों में पहुंची करोड़ों की राशि

**विदिशा।** जिले के 2 लाख 33 हजार 441 किसानों ने खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त पहुंच गई है। जिले के किसानों को 46.69 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट विदिशा के एनआईसी वीसी कक्ष में भी किया गया। यहां किसानों ने लाइव प्रसारण देखा सुना। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा, धनराज सिंह दांगी ने किसानों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

---

## कागपुर में सीएम के दौरे की तैयारी हुईं तेज जिपं अध्यक्ष ने वीसी के माध्यम से दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 21 नवंबर को प्रस्तावित कागपुर दौरे को लेकर जिपं पंचायत एवं प्रशासन की गतिविधियां तेज हो गईं हैं।

जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने 19 नवंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिपं अध्यक्ष, उपाध्यक्षों सहित सरपंच एवं सचिवों की बैठक ली। उन्होंने सीएम के आगमन के मद्देनज़र सभी तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिपं अध्यक्ष ने कहा सभी अधिकारी-कर्मचारी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करें। कागपुर में प्रस्तावित कार्यक्रमों की व्यवस्थाएं समय सीमा में पूर्ण कर ली जाएं।

#### आमजन की समस्याओं को हल करने के निर्देश

बैठक में जिपं अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह दौरा जनसेवा और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से हो रहा है। ऐसे में जनप्रतिनिधि और अधिकारी आमजन से संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याएं सुनें और उनके निराकरण के लिए प्राथमिकता से कदम उठाएं। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र से संबंधित विकास कार्यों और योजनाओं की स्थिति तैयार रखें, ताकि मुख्यमंत्री के समक्ष बेहतर प्रस्तुतीकरण हो सके।



---

## सहकारी उद्यमिता दिवसः युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी संस्था मर्यादित सिरोंज में सहकारी उद्यमिता दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में संस्था के प्रबंधक राजकुमार साहू ने कहा कि सहकारिता युवाओं को व्यवसाय शुरू करने और उसे सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान और संसाधन उपलब्ध कराती है। उन्होंने युवाओं को सहकारी क्षेत्र से जुड़कर अनुभवी उद्यमियों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ने की बात कही।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में महिलाओं का सशक्तिकरण राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुका है, जिसमें शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता और समावेशी विकास को विशेष महत्व दिया गया है। हस्तशिल्प, हथकरघा, श्रम और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में कार्यरत कमजोर वर्गों को भी सहकारिताओं के माध्यम से आर्थिक मजबूती प्रदान की जा रही है। महिलाएं इन क्षेत्रों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हुए आत्मनिर्भर बन रही हैं।



---

## सांसद खेल महोत्सव में विजेता खिलाड़ियों को सम्मान किया गया

**ग्यारसपुर।** तहसील के ग्राम पंचायत खिरिया जागीर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों और ग्रामीणों की उत्साहभरी भागीदारी देखने को मिली। रस्साकसी, नींबू-चम्मच दौड़, कबड्डी, खो-खो सहित पारंपरिक खेल हुए। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर ने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में खेल अनुशासन और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में सरपंच निरंजन कुशवाह, खेल अधिकारी गोपाल सिंह कुशवाह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, ग्रामीण और छात्र मौजूद रहे।

---

### पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की, कांग्रेस ने बीजेपी पर निशाना साधा

# भाजपा ने देश को बांटा, इंदिरा गांधी ने जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी और सेवादल कांग्रेस ने एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्प चढ़ाकर इंदिरा गांधी को नमन किया।

कार्यक्रम के वक्ताओं ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी अपने निर्णयों को पूरा करने वाली नेता थीं। वक्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने देश को बांटने का काम किया है, जबकि इंदिरा गांधी ने देश को जोड़ने का कार्य किया था। वक्ताओं ने हाल ही में संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की अपील की। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि इंदिरा गांधी युवाओं, किसानों और गरीब मजदूरों के हित में कार्य करती थीं। उन्होंने युवाओं के रोजगार, गरीबों के न्याय जैसे मुद्दों पर जोर दिया। श्री रघुवंशी ने इंदिरा गांधी के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों का भी उल्लेख किया।



- इंदिरा युवाओं, किसानों, गरीबों हित में कार्य करती थीं।

उन्होंने बैंकों का राष्ट्रीयकरण, गरीबी हटाओ का नारा और पोखरण में परमाणु परीक्षण जैसे कदमों को देश को सशक्त बनाने में उनके ऐतिहासिक योगदान के रूप में बताया। कार्यक्रम के समापन पर, उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के आदर्शों पर चलने और देशहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

---

### पुलिस कैसे बने, कार्यशाला के तीसरा दिन छात्राओं ने किए सवाल

# छात्रा ने महिला से पूछा प्रश्न,घरेलू हिंसा क्या महिला पुलिस के साथ भी होती है?

**कार्यशाला में पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत हो रहे छात्र।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शासकीय आदर्श महाविद्यालय में आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन छात्राओं ने पुलिस सेवा से जुड़े अनुभवों और अवसरों को लेकर सूबेदार मेघा शर्मा से संवाद किया।


उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा लड़कियों को आत्मनिर्भर, साहसी तथा नेतृत्व-क्षम बनाती है। कठोर प्रशिक्षण से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे समाज में प्रेरणा का स्रोत बनती हैं। सरकारी नौकरी होने से उन्हें सुरक्षा, सम्मान, स्थिर आय और करियर वृद्धि के अवसर भी मिलते हैं, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की राह मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में सूबेदार भागीरथ प्रसाद ने बताया कि लड़कियों का पुलिस बनना व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ समाज के सशक्तीकरण का प्रतीक है। कार्यशाला की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ब्रह्मदीप अलूने ने की, संचालन डॉ. अनीता शाक्य ने किया। विशेष व्याख्यान डॉ. स्मिता सिंघई ने दिया।



22 नवंबर को सूबेदार आशीष रॉय तथा सामान्य विज्ञान विषय पर डॉ. अनीता शाक्य और डॉ. सुषमा सिसोदिया विद्यार्थियों से रूबरू होंगी।

#### सूबेदार मेघा शर्मा से विद्यार्थियों ने किए दिलचस्प सवाल

सलोनी खंगार प्रश्न किया की रात को महिला पुलिस को ड्यूटी करने में क्या क्या समस्याएं सामने आती है। जवाब मिला कि महिला पुलिस के लिए रात को ड्यूटी करना वैसे ही है,जैसे कोई पुरुष। महिला सुरक्षा को लेकर कानून सख्त किए गए है, जिसका खौफ अपराधियों पर भी रहता है। छात्रा मनीषा अहिरवार ने पूछा की घरेलू हिंसा क्या महिला पुलिस के साथ भी होती है। बिल्कुल हो सकती है। हिंसा का संबंध किसी पद से नहीं होता बल्कि आदतों और मस्तिष्क से होता है।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-5470
सरसों
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-8660
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव- 5305
मसूर
न्यूनतम भाव-2850
उच्चतम भाव-8060
उड़द
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-5800
मक्का
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव- 1620
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3046
धान
न्यूनतम भाव-800
उच्चतम भाव-3266
गेंहू
न्यूनतम भाव-2330
उच्चतम भाव-3350
मूंगफली
न्यूनतम भाव- 5000
उच्चतम भाव- 5000
बटरी
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव- 2600
धनिया
न्यूनतम भाव-6150
उच्चतम भाव- 6211

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 43713 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### छात्रावास अधीक्षिका निलंबित

**गंजबासौदा।** गत दिवस जनजातीय गौरव दिवस पर बासौदा के मानस भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शासकीय समुदाय कल्याण केन्द्र बरेठ के छात्रों को मानस भवन तक लाने ले जाने के कार्यों में लापरवाही बरतने पर अधीक्षिका मनीषा शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक द्वारा जारी किया गया है। जिला संयोजक सुनील मरकाम के द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि प्राथमिक शिक्षक प्रभारी अधीक्षिका सामुदायिक कल्याण केन्द्र बरेठ मनीषा शर्मा को निलंबन काल अवधि के दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। निलंबन काल में इनका मुख्यालय जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग विदिशा नियत किया गया है।

### सड़क के गड्ढे भरवाए

**गंजबासौदा।** विगत दिनों संबंधित ठेकेदार द्वारा पचमा बायपास मार्ग पर उभरे गड्ढों की खुदाई कराकर पुनः गड्ढों को डामर, गिट्टी की सहायता से भर दिया गया है। जिससे अब इस मार्ग से आने जाने वाले दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों, पैदल राहगीरों को आवागमन में परेशानी से कुछ हद तक निजात मिल गई है।

## मक्का बिकी कम दाम पर, बेतवा पुल पर नदी में फेंक रहा था किसान

# उपज के दाम कम मिलने से नाराज किसान ने पुल पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कृषि उपज मंडी में इन दिनों किसानी उपज के दामों में उतार चढाव हो रहे हैं। जिससे एक ओर जहां सोयाबीन उत्पादक किसान राहत महसूस कर रहे हैं, वहीं मक्का, धान सहित अन्य फसलों के दाम कम होने से किसानों को काफी असुविधा और परेशानी उठानी पड रही है। पिछले दिनों भी मक्का के कम दाम से नाराज किसानों ने मंडी के बाहर प्रदर्शन किया था और बुधवार को भी मक्का के कम दाम मिलने से नाराज किसान बेतवा नदी के गंज पुल पर पहुंच गया और वहां बीच पुल पर प्रदर्शन कर अपनी उपज को नदी में फेंकने लगा। जिससे पुल पर तगडा जाम लग गया। बाद में पुलिस प्रशासन की समझाइश से किसान का गुस्सा शांत हुआ और उसके बाद जाम खुल सका।



उल्लेखनीय है कि पहले सोयाबीन के दाम काफी कम चल रहे थे, लेकिन भावांतर योजना आरंभ होने के बाद सोयाबीन के दाम 4 हजार रूपए प्रति क्विंटल से ऊपर चल रहे हैं, जिससे सोयाबीन उत्पादक किसानों को काफी राहत मिल रही है। जबकि दूसरी ओर मक्का, धान, गेहूं सहित अन्य उपज के दाम अपेक्षाकृत कम बने हुए हैं। जिससे इन फसलों के उत्पादक किसानों को परेशानी हो रही है। पिछले दिनों भी मक्का के दाम कृषि मंडी में नीलामी में कम मिलने से किसान नाराज हो गए थे और उन्होंने मंडी के बाहर मुख्य मार्ग पर काफी देर तक प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम किया था। जिसे प्रशासनिक अधिकारियों ने काफी समझाइश के बाद शांत कराया था। उस समय भी कई घंटों तक जाम लगा रहा था।



इसी तरह बुधवार को भी एक किसान ने अपनी मक्का की उपज के दाम कम मिलने से गंज स्थित बेतवा नदी पुल पर घंटों तक जाम लगाते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम निचरोन पडरिया निवासी रविन्द्र दांगी कृषि उपज मंडी में मक्का लेकर आए थे, जहां नीलामी के दौरान उनकी मक्का 1200 रूपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिकी। जिस पर किसान अपनी उपज की नीलामी निरस्त कराते हुए वापस गांव जा रहा था। तभी गंज पुल पर उसने अपना ट्रैक्टर ट्रॉली बीच पुल पर लगाकर प्रदर्शन किया और अपनी उपज को नदी में फेंकने लगा। किसान के इस प्रदर्शन के कारण पुल से किसी अन्य वाहन के निकलने के लिए जगह ही नहीं बची और पुल पर ही नहीं पुल के दोनों ओर मार्ग पर लंबा जाम लग गया। करीब दो घंटे तक जाम लगा रहने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और नाराज किसान को समझाइश दी। देहात थाना टीआई मनोज दुबे एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद किसान की नाराजगी दूर हुई और वह उपज को नदी में न फेंकने और ट्रैक्टर ट्रॉली को मार्ग से हटाने तैयार हुआ। जिसके बाद घंटों तक लगा रहा जाम खुल सका और आवागमन बहाल हुआ।

## चाकूबाजी में युवक गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार की शाम नेहरू चौक पर एक चाय की दुकान के सामने कुछ युवकों ने एक युवक को पुरानी रंजिश पर चाकू मारकर घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रजौदा रोड निवासी 22 वर्षीय रितिक शुक्ला अपने दोस्त के साथ चाय पीने आया था। तभी वहां कुछ अन्य युवक भी आए और पुरानी रंजिश पर रितिक से विवाद करने लगे। इस बीच युवकों ने चाकू निकालकर रितिक पर हमला कर दिया और उसे गंभीर रूप से घायल कर भाग निकले। घटना के बाद रितिक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। वहीं पुलिस ने इस घटना के तत्काल बाद पीडित से जानकारी लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## मंदिर में पंडाल निर्माण कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राजेंद्र नगर बारीघाट रोड स्थित भगवान रामदेव मंदिर में होने वाले 14 दिवसीय धार्मिक उत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। संत निवास, भोजनशाला और मुख्य कार्यक्रम स्थल पर विशाल पंडालों का निर्माण शुरू हो चुका है। सबसे बड़ा पंडाल करीब 40 हजार वर्ग फीट में कथा स्थल का है। यहां राम कथा होगी। कथा का वाचन राष्ट्रीय संत प्रेमभूषण महाराज करेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि इस महोत्सव में नवीन प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के लिए महायज्ञ होगा। मंदिर परिसर में भगवान वासुदेव के लिए तीसरी मंजिल पर भव्य सिंहासन बन चुका है। इसके चारों ओर चार आकर्षक स्तंभ बनाए गए हैं। इन पर भगवान श्री गणेश, रामभक्त हनुमान, भगवान शिव और भगवान विष्णु की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत 24 नवंबर से होगी। पहले दिन भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन में श्री राम दरबार, भगवान शिव परिवार, गुरु गोरखनाथ, मां शीतला माता सहित अन्य देव प्रतिमाओं की स्थापना भी की जाएगी। इस महोत्सव की तैयारियां चार माह पहले शुरू कर दी गई थीं। यज्ञशाला की पेंटिंग और पुताई का काम पूरा हो चुका है।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी जी की जयंती मनाई



**गंज बासौदा।** बुधवार को देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी की जन्म जयंती कांग्रेस जनों द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 14 में इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए और उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व की सराहना करते हुए उनसे प्रेरणा लेने की अपील की गई।इस दौरान पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन, सत्यप्रकाश सेन, सुनील बाबू पिंगले, विकास शर्मा, रवि प्रकाश तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास ,विनोद जैन ,बी डी शर्मा, ओंकार सिंह दाँगी, आशीष यादव, ब्रजेन्द्र राजपूत, पलाश जैन आदि काँग्रेस जन उपस्थित रहे।

## नेशनल कराते चैंपियन में जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर की द फाइटिंग ऑफ़ मार्शल आर्ट अकेडमी की खिलाडी ने ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप मे 19 वर्ष में इशिका मैना ने -50 किलो ग्राम कुमिते में सिल्वर और काता में ब्रोज़ मैडल जीता और 17 वर्ष मे हिमांशी विश्वकर्मा ने +50 किलो में काता और कुमिते में सिल्वर मैडल जीता और 7 वर्ष में आर्या स्वर्णकार -20 ने काता में ब्रोंज मेडल और बालक 7 वर्ष में इतिश वर्मा - 35 ने काता और कुमिते में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इन खिलाड़ियों ने नगर एवं जिले का नाम रोशन किया है। अकेडमी के कोच कृष्ण गोपाल जोगी और सहायक कोच इशिका मैना ने बताया कि भोपाल की सेज यूनिवर्सिटी में 15-16 नवंबर को शौर्य कप आल इंडिया कराते चैंपियनशिप में अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर मध्य प्रदेश का नाम बढ़ाया शीगोशोवा-काई कराटे डो, आर्गेनाइजेशन - इंडिया के सचिव अमिताभ श्रीवास्तव ने बच्चों को बधाई दी। वहीं उनके माता-पिता, शुभचिंतकों ने बच्चों और कोच को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।




## एसआईआर गणना पत्रक भरकर जमा किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को SIR सर्वे के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 में नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने अपना गणना प्रपत्र स्वयं भरकर उपलब्ध कराया। इस दौरान नपाध्यक्ष ने कहा कि सबका यह छोटा सा प्रयास भारत के लोकतंत्र को मजबूत करेगा। आप सभी SIR फॉर्म अवश्य भरें एवं भरवायें।

## श्रद्धाभाव के साथ निकली भगवान लड्डू गोपाल की कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

समीपस्थ ग्राम हरगानाखेड़ी स्थित श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में भगवान श्री लड्डू गोपाल की त्रिदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को बड़े ही उत्साह, भक्ति और पारंपरिक वैदिक रीति–विधानों के साथ हुआ। प्रथम दिवस की प्रातः बेला में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें गांव की महिलाओं ने कलश धारण कर मंगल गीतों के साथ यात्रा को शोभायमान बनाया। अनुष्ठान प्रतिष्ठाचार्य पंडित संजय पाठक ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के प्रारंभिक अनुष्ठानों में बुधवार को पंडित राजू शर्मा, पंडित अभिषेक दुबे एवं अन्य वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा



वेदमंत्रों, हेमाद्रि स्नान, प्रायश्चित संकल्प, मंडप प्रवेश और पीठ पूजन संपन्न किए गए। तीसरे दिन 21 नवंबर को अभिजीत मुहूर्त में भगवान लड्डू गोपाल जी की प्राण प्रतिष्ठा, पूजन, भंडारा और कन्याभोज के साथ कार्यक्रम समापन होगा। आचार्य श्री पाठक ने बताया कि सनातन धर्म में किसी भी देव प्रतिमा को स्थापित करने से पूर्व उसमें प्राण प्रतिष्ठा की जाती है, जिससे प्रतिमा मात्र मूर्ति न रहकर सजीव, शक्तिमय और पूजनीय स्वरूप धारण कर लेती है। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सुगंधित द्रव्यों, पुष्पों, धूप–दीप, पंचामृत, अन्न–फल आदि से देवता का श्रृंगार एवं पूजन किया जाता है। इससे वातावरण में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मक, दिव्य तथा शांतिपूर्ण ऊर्जा का संचार होता है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में यजमान के रूप में कुलदीप गुप्ता, संजीव गुप्ता, रविकांत गुप्ता और उमाकांत गुप्ता, गोविंद सिंह बघेल ने परिवार सहित उपस्थित होकर विधि–विधान से पूजा अर्चना में सहभागिता निभाई। तीन दिवसीय इस महोत्सव में ग्रामीणजन, श्रद्धालु और भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित हो रहे हैं।

### जनसुनवाई में आए 15 आवेदन

**गंजबासौदा।** मंगलवार को दोपहर के समय तहसील के पटवारी सभागृह में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से अनेक आवेदकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों को बताईं और आवेदन सौंपे। इस दौरान अधिकारियों ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। शिविर में कुल लगभग 15 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से कुछ का मौके पर निराकरण किया गया तथा शेष को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के लिए भेजा गया।




### डॉल्फिन के स्काउट राष्ट्रीय जंबूरी डायमंड जुबली ग्रैंड फिनाले के लिए रवाना



**गंजबासौदा।** आगामी 23 नवंबर से 29 नवंबर तक लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी एवं डायमंड जुबली ग्रैंड फिनाले में डॉल्फिन के छह स्काउट हिमांशु रघुवंशी, कार्तिक रघुवंशी ,आदित्य रघुवंशी, ईशान सैनी, कार्तिक सोनी, प्रत्युष मिश्रा का चयन हुआ है। यह स्काउट, स्काउट मास्टर संदीप कुमार जैन के नेतृत्व में जंबूरी में सहभागिता करेंगे। इस जंबूरी का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और समापन राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू करेंगी। उक्त जंबूरी के पहले जंबूरी पूर्वाभ्यास तीन दिवसीय शिविर का आयोजन भोपाल में होगा। तत्पश्चात वही से सभी स्काउट मुख्य आयोजन में सहभागिता करेंगे। इस अवसर पर स्काउट द्वारा राष्ट्रीय आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नवांकुर प्राचार्य शैलेंद्र दीक्षित, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप जेटली व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं।

## साइकल से 347 किमी का सफर किया पूरा

# रामलला के दर्शन का संकल्प, अयोध्या निकले तीन यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


प्रभु श्रीरामलला के भव्य मंदिर में होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होने गंजबासौदा से अयोध्या तक करीब 700 किमी साइकिल यात्रा चौथे दिन 347 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है। यात्रा के चौथे दिन तीनों यात्रियों ने 103 किलोमीटर साइकिल चलाते हुए अपने संकल्प को आगे बढ़ाया। अध्यात्मिक, भक्ति भाव के साथ पवित्र ऊर्जा का संकल्प लिए यह दिव्य यात्रा 16 नवंबर को वेत्रवती तट नौलखी आश्रम के श्री जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ हुई। तीनों यात्रियों ने अयोध्या धाम की सफल यात्रा के लिए नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी से आशीर्वाद लेकर अपनी यात्रा प्रारंभ की। यात्रा के संयोजक मनीष पाठक ने बताया कि उनका संकल्प था कि रामलला जब दिव्य मंदिर में विराजमान होंगे, तब वे साइकिल से अयोध्या



पहुँचकर दर्शन करेंगे। इस आध्यात्मिक यात्रा में उनके साथ रघुवीर प्रजापति (सिरोंज) और लाल पठार निवासी नगर के तुलाराम रघुवंशी भी शामिल हैं। प्रतिदिन 100 किलोमीटर साइकिल चलाने का लक्ष्य रखते हुए यह यात्रा लगभग 10 दिनों तक चलेगी। प्रतिदिन 100 किलोमीटर का लक्ष्य लेकर चल रहे तीनों यात्री 25 नवंबर को अयोध्या पहुंच जाएंगे। जहां भगवान रामलला के मंदिर निर्माण के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित ध्वजारोहण समारोह के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण के साक्षी बननेंगे। यात्रा पूर्ण होने पर भगवान रामलला के दर्शन सहित अयोध्या के अन्य तीर्थ स्थान का दर्शन कर यात्रा की पूरी होने पर 26 नवंबर को अयोध्या से ट्रेन द्वारा गंजबासौदा के लिए वापसी करेंगे। त्योंदा रोड स्थित श्री राम नाम बैंक में पहुँचने पर यात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बैंक के संस्थापक समाजसेवी रघुनाथ सिंह रघुवंशी, संचालक गिरिराज रघुवंशी एवं डॉ. कमलेश रघुवंशी ने यात्रियों को शाल श्रीफल और फूल-मालाएँ पहनाकर सम्मानित किया और उनकी यात्रा की मंगल कामनाएँ कीं।

### नपाधिकारियों ने किया निरीक्षण

गंजबासौदा। बुधवार को नपा अमले ने एमआरएफ सेंटर पहुंच कर निरीक्षण किया। इस दौरान नपा सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव, सहज तेनगुरिया सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



## सर्दी में हुई बढ़ोत्तरी से ठिठुरते हुए स्कूल जाने को मजबूर नौनिहाल, समय बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दो तीन दिनों से इलाके भर में सर्दी में इजाफा हुआ है। जिससे लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पालकों ने बच्चों के स्वास्थ को ध्यान में रखते हुए कहा कि स्कूली बच्चों को सुबह विद्यालय पहुंचने में परेशानी हो रही है। कई बच्चे ठंड के कारण बीमार हो रहे हैं। इन दिनों सर्दी का प्रकोप तेज होने के कारण स्कूली छात्र, छात्राएं सर्दी में ठिठुरते हुए स्कूल जाने को मजबूर हैं। सुबह से समय छाए घने कोहरे के कारण तापमान में गिरावट आई है तथा सर्दी में इजाफा हुआ है। लोग सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़ों और अलाव, हीटर का सहारा लेते देखे जा रहे हैं। शहर में बढ़ती सर्दी का प्रकोप अब स्कूली विद्यार्थियों पर पड़ने लगा है। सुबह की पाली में संचालित होने वाले विद्यालयों के छात्रों को सुबह 7 से 7:30 बजे के बीच स्कूल पहुंचना



पड़ता है, जिससे उन्हें कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। इससे विद्यार्थी और उनके अभिभावक दोनों परेशान हैं। गृहणियों का कहना है कि बच्चों को सुबह 7:30 बजे स्कूल के लिए तैयार करने के लिए सुबह 6 बजे ही जागना पड़ता है। सर्दी के प्रभाव को देखते हुए पालकों ने स्कूलों का समय बढ़ाने की मांग की है। ताकि बच्चों को सुबह विद्यालय पहुंचने में परेशानी न हो। वहीं चिकित्सकों ने लोगों को गर्म कपड़े पहनने और घर के अंदर रहने की सलाह दी है। पालकों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों का समय बदला जाए। कक्षाएं सुबह 9 बजे के बाद शुरू हों। इससे बच्चों को ठंड से राहत मिलेगी। वे सुरक्षित स्कूल आ-जा सकेंगे। उधर तापमान में गिरावट आने से शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय में सिरदर्द, बुखार, सर्दी, जुकाम, उल्टी, घबराहट आदि के मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कमलेश छुगानी, श्री रोशन छुगानी, श्री राहुल छुगानी पुत्रगण स्व. श्री हरगुनदास छुगानी श्रीमति पुष्पा छुगानी पत्नि स्व. श्री हरगुनदास छुगानी निवासीगण विदिशा तहसील व जिला विदिशा म. प्र. का एक भूखण्ड / मकान स्थित संजय गाँधी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित विदिशा प्लाट क्रमांक 30 का भाग विदिशा तहसील व जिला विदिशा म. प्र. नगर पालिका परिषद विदिशा की सीमा के अंदर है होकर 600 वर्गफीट का है, जिसकी चतुर्सीमा इस प्रकार है कि पूर्व में-शेष भाग प्लाट क्रमांक 30 विक्रेता ,पश्चिम में- प्लाट क्रमांक. 29 श्री कन्हैयालाल ,उत्तर में -सार्वजनिक रास्ता तथा दक्षिण में प्लाट क्रमांक. 36 श्री श्यामलाल हरवानी का है। उक्त मकान को कमलेश छुगानी, श्री रोशन छुगानी, श्री राहुल छुगानी के पिता एवं श्रीमति पुष्पा छुगानी के पति श्री हरगुनदास पुत्र श्री रुपचंद ने विक्रेता श्री श्यामलाल पुत्र श्री रुपचंद निवासी विदिशा से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र अ-1, दस्तावेज क्रमांक. 2217 दिनोंक 06.12.1989 से क्रय किया है। तथा श्री श्यामलाल ने उक्त मकान 1200 वर्गफीट को विक्रेता संजय गाँधी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित विदिशा द्वारा अध्यक्ष से रजिस्टर्ड विक्रयपत्र दिनाँक 17.03.1982 विक्रय पत्र अ-1, दस्तावेज क्रमांक. 2564 से क्रय किया था। श्री हरगुनदास के निधन के पश्चात उक्त मकान पर उनके विधिक वारिस श्री कमलेश छुगानी, श्री रोशन छुगानी, श्री राहुल छुगानी पुत्रगण स्व. श्री हरगुनदास छुगानी श्रीमति पुष्पा छुगानी पत्नि स्व. श्री हरगुनदास छुगानी का विधिवत नामांतरण नगर पालिका परिषद विदिशा में को हो गया है।

उक्त भूखण्ड/मकान को श्री कमलेश छुगानी, श्री रोशन छुगानी, श्री राहुल छुगानी पुत्रगण स्व. श्री हरगुनदास छुगानी श्रीमति पुष्पा छुगानी पत्नि स्व. श्री हरगुनदास छुगानी मेरी पक्षकार कंपनी केपरी ग्लोबल केपीटल फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में बंधकर रखकर ऋण प्राप्त कर रहे है। यदि उक्त भूखण्ड/मकान से संबंधित किसी भी हितधारी व्यक्ति या बैंक अथवा वित्तीय संस्थान नजूल, नगर पालिका आदी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में दस्तावेज सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे 7 दिवस की अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी। और मेरी पक्षकार कंपनी श्री कमलेश छुगानी, श्री रोशन छुगानी, श्री राहुल छुगानी एवं श्रीमति पुष्पा छुगानी को ऋण प्रदान करने हेतु स्वतंत्र रहेगी ।

भवदीय नरेन्द्र बघेल पेनल एडवोकेट
शॉप नं. 3 भावसार पुलिया बरेठ रोड गंज बासौदा जिला विदिशा म. प्र. मो. नं. 9926383737

## खबर संक्षेप

### मंत्री नारायण सिंह कुशवाह का सागर दौरा

**सागर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग मंत्री नारायण सिंह कुशवाह का सागर जिले का दौरा 19-20 नवंबर को। मंत्री नारायण सिंह कुशवाह 19 नवंबर को रात्रि 09.30 बजे सागर के सर्किट हाउस पहुँचेगें। मंत्री कुशवाहा 20 नवंबर को प्रातः 9 बजे सर्किट हाउस सागर से सिरोंजा के लिए प्रस्थान कर श्री शांतिनाथ धाम में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव और विश्वशांति महायज्ञ में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 1 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में सागर संभाग के सामाजिक न्याय, उद्यानिकी तथा एम.पी. एग्रो के अधिकारियों के साथ संभागीय समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक के पश्चात वे दोपहर 2.30 बजे श्री सिद्ध क्षेत्र बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सम्मिलित होगे, सायं 07.30 बजे सागर से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### पहली बार डीएलसीसी में हितग्राही और बैंकर्स बैठे साथ, मौके पर ही जानी समस्याएं और निकाला हल

# हितग्राहियों को समय से लोन उपलब्ध कराएं सभी बैंकर्स, अनावश्यक दस्तावेजों की मांग न करें : जिला पंचायत सीईओ विवेक के.वी.

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ विवेक के. वी. की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले के सभी बैंकर्स, योजनाओं से संबंधित हितग्राही, संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। जिले में पहली बार बैंकर्स और हितग्राही बैठक में साथ में बैठे, जिससे कई व्यावहारिक समस्याओं को मौके पर ही सुना, समझा गया और उनका हल निकाला गया।बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने सभी बैंकर्स से कहा कि हितग्राहियों को समय से लोन उपलब्ध हो सके, इस दिशा में सभी को कार्य करना होगा। कोई भी बैंकर हितग्राहियों से अनावश्यक दस्तावेजों की मांग न करे। साथ ही शासकीय योजनाओं से संबंधित लोन प्रकरणों में सभी बैंकर्स एकरूपता लाने के लिए यूनिफाइड सेट ऑफ डॉक्यूमेंट्स के आधार पर कार्य करें, जिससे बिना किसी भ्रम और परेशानी के आसानी से लोन प्रकरण पूर्ण हो सकें। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स और हितग्राहियों को एक साथ बुलाने का उद्देश्य गैप आइडेंटिफाई कर समस्याओं का हल निकालना है। उन्होंने सभी बैंकर्स और हितग्राहियों से समक्ष में बात भी की।इस अवसर पर लीड बैंक अधिकारी सी. पी. सिंह, आरबीआई, नाबार्ड अधिकारी, समस्त बैंक के नोडल अधिकारी तथा शासकीय ऋण योजनाओं से जुड़े समस्त विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।




जिला पंचायत सीईओ विवेक के. वी. ने प्रत्येक व्यक्ति को बैंकिंग योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु बैंकर्स से आवश्यक सहयोग के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बैंकर्स इस संबंध में पहले से ही दिन और समय निश्चित कर लें, जिससे बैंक अधिकारी और हितग्राही दोनों को आसानी रहे। जिला पंचायत सीईओ ने योजनाओं के लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को लक्ष्य अनुरूप ऋण आवेदन जमा करने तथा बैंक को आवेदनों का निर्धारित समयावधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शासन की हितग्राही-मूलक योजनाओं के आवेदन, जो विभिन्न पोर्टल पर लंबित हैं, उन्हें निराकृत करने तथा पीएमएफएमई योजना, पशु एवं मत्स्य केसीसी व अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का निर्धारित लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में अनिवार्यतः पूर्ण करने के लिए कहा। जिला पंचायत सीईओ ने पीएम स्वनिधि के हितग्राहियों से भी बात की।

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि हमें अनावश्यक दस्तावेजों की मांग करने, हितग्राहियों को बार-बार बैंक बुलाने से बचना चाहिए। इससे न केवल हितग्राहियों को समय पर ऋण स्वीकृत हो सकेगा बल्कि बैंकर्स को भी उनके लक्ष्यों अनुसार कार्य करने में आसानी रहेगी।



## सांसद खेल महोत्सव : सशक्त युवा ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है: अभिषेक भार्गव

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित विधानसभा स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का 10 दिवसीय आयोजन गढ़ाकोटा के गणेश मंदिर मैदान परिसर में चल रहा है जिसमें रहली विधानसभा की 64 में हिस्सा लेंगी, 1 दिन में लगभग चार से छः टीमों के मुकाबले होंगे जिसमें वूमेंस टीमों के भी मैच रहेंगे। इसी क्रम में भटौली पिपरिया बनाम दीनदयाल वार्ड गढ़ाकोटा के बीच मुकाबला हुआ जिसमें भटौली पिपरिया विजयी रही। उपविजेता एवं विजेता टीमों को भाजपा युवा नेता अभिषेक भार्गव ने मैडल एवं पुरस्कार वितरित किए, एवं आयोजन समिति के संरक्षक भाजपा युवा नेता अभिषेक भार्गव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र का पसंदीदा खेल है। ग्रामीण क्षेत्रों से टीमें टूनामेंट में हिस्सा लेने आ रही है। युवाओं में अच्छा खासा जोश है जैसे-जैसे ये टूनामेंट आगे बढ़ेगा वैसे वैसे टूनामेंट में आनंद और जोश देखने मिलेगा। आयोजित टूनामेंट में दीनदयाल वार्ड के पार्षद देवेंद यादव आयोजन समिति के सदस्य अमित प्यासी, दीपक बर्मन, इशु जैन सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने रानी लक्ष्मीबाई, इंदिरा गांधी और जमना देवी की जन्म जयंती मनाई

**सागर।** भारत की वीरता की प्रतीक महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई, भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व.इंदिरा गांधी और आदिवासी वर्ग की सशक्त आवाज, मध्यप्रदेश की पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व.जमना देवी की जन्म जयंती को कांग्रेसजनों ने मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी के मुख्यातिथ्य में पूरी श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। जहां कांग्रेसजनों ने वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई, देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी और मध्यप्रदेश की पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. जमना देवी के चित्र पर माल्यर्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।



कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश राय, सेवादल के प्रदेश महामंत्री विजय साहू, पूर्व सरपंच शरद राजा सेन, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी, रवि उमाहिया आदि ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई, पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी और पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व.जमना देवी के जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री अशरफ खान, राजपाल सिंह, राजेश श्रीवास, यूनुस खान, अरविन्द कोरी, पवन राय, कन्नू कोरी, शैलेन्द्र अहिरवार, सत्यम सिंह आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।

## स्वस्थ महिला ही सशक्त राष्ट्र की जननी है : डॉ प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सागर इकाई के संयुक्त तत्वाधान में ''मिशन साहसी'' विषय पर त्रिदीवसीय कार्यशाला का आज समापन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन एवं गणमान्य अतिथियों का भारतीय परम्परा के अनुसार स्वागत सत्कार किया गया। इसके उपरान्त सागर की प्रान्त कार्यसमिति सदस्य सुश्री सौम्या तिवारी ने आज के कार्यक्रम की प्रस्तावना बताते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

वक्तव्य की अगली श्रृंखला में भारतीय स्त्रीशक्ति सागर मध्यप्रदेश की अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि छात्राओं को अपने जीवन में आत्मनिर्भर बनाना चाहिए। जिससें सभी छात्राओं को अपने जीवन में सभी प्रकार की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो, इसके लिए यह भी आवश्यक है कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ-साथ स्वास्थ के प्रति भी जागरूक रहे। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में 7 एमपी गर्ल्स वटालियन-एनसीसी सागर की मेजर प्रतिभा तिवारी ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को बताया की हमारे अन्दर सीखने की ललक होनी चाहिए कि हम जिस भी कार्य को करते है उसको पूर्ण रूप सीखे और अपने साथी एवं अपने आस-पास के साथियों को सिखा सके। इसके उपरान्त सागर की प्रान्त छात्रा प्रमुख सुश्री आंचल मिश्रा स्वागत भाषण देते हुए कहा कि सभी छात्राओं को रानीलक्ष्मी बाई के जयंती पर उनके जीवन चरित्र, जीवन में आने वाली कठिनाई और उनसे साहस पूर्वक किये गये कार्यो का वर्णन करने लक्ष्मी बाई के शौर्य को प्रणाम किया। इसी क्रम में आंचल जी ने वीरांगनाओं का भी वर्णन किया। अधिवक्ता वर्षा ठाकुर ने कहा कि हमारी छात्राओं को विधि ज्ञान की भी जानकारी होनी चाहिए। आपने महिला संबंधी कानून की सभी धाराओं के विषय में छात्राओं के समक्ष रखा।



## संस्कृत विभाग में संविधान प्रस्तावना कंठस्थी करण प्रतियोगिता का आयोजन

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के संस्कृत विभाग में संविधान प्रस्तावना कंठस्थीकरण का आयोजन 21 नवम्बर को संस्कृत विभाग सभागार में किया जा रहा है। विदित है कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय गणराज्य के द्वारा भारतीय संविधान का अंगीकरण किया गया था । वर्ष 2025 संविधान अंगीकरण का हीरक जयंती वर्ष है। भारत वर्ष के विभिन्न संस्थानों में इस निमित्त विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं । विश्वविद्यालय के द्वारा भी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में एतदर्थ यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है प्रतियोगिता की संयोजिका डा किरण आर्या ने बताया कि इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्रायें सहभाग करेंगे जिसमें उनके द्वारा संविधान की प्रस्तावना को स्मरण कर उसका शुद्ध और स्पष्ट बोधगम्य वाचन किया जायेगा तथा निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों के मूल्यांकन के आधार पर प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

## विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 में लापरवाही पर चार बीएलओ को किया निलंबित

**सागर।** कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्य में गंभीर लापरवाही और कर्तव्य में अनदेखी के चलते विधानसभा क्षेत्र 041 सागर के चार बीएलओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य जिले के विधानसभा क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है। जिसके परिप्रेक्ष्य में विधानसभा क्षेत्र 041 सागर में मैपिंग कार्य हेतु बीएलओ नियुक्त किए गए थे।

# फुटकर दुकानदार सड़कों पर कचरा फेंक कर नगर की स्वच्छता सुंदरता को लगा रहे दाग

### कचरा गाड़ी निकालने के बाद सड़कों पर दुकानदार फेंका रहे कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नगर को स्वच्छ बनाने के साथ साथ प्रदेश में रैंकिंग में सुधार के लिए नगर परिषद के द्वारा तमाम प्रयास किया जा रहे हैं। इस दौरान एलाउंसमेंट, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, प्रतियोगिताएं और स्लोगन के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही नगर परिषद के द्वारा जहां प्रतिदिन शुभ है घरों घर कचरा कलेक्शन के लिए कचरा गाड़ी पहुंचती है।

वहीं शाम को नगर परिषद की दोबारा से मुख्य मार्ग और बाजारों में कचरा कलेक्शन के लिए गाड़ी निकल रही है। बावजूद इसके नगर परिषद के स्वच्छता को लेकर किए जाने वाले में तमाम प्रयास असफल हो रहे हैं जिनके माध्यम से नगर में स्वच्छता को लेकर प्रदेश की स्वच्छता की रैंक में खड़े होना है।

सीएमओ हरिशंकर वर्मा से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक करने की दिशा मे नगर परिषद के द्वारा पूर्व से ही तमाम प्रयास किया जा रहे हैं।



बावजूद इसके लोगों के द्वारा स्वच्छता को लेकर गंभीरता नहीं बरती जा रही जो काफी चिंता का विषय है।

नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने कहा कि नगर परिषद के द्वारा स्वच्छता को लेकर प्रतिदिन गली मोहल्ले में कचरा एकत्रित करने के लिए कचरा वाहन पहुंच रहे हैं। वही शाम को भी बाजारों में वहां कचरा एकत्रित करने के लिए पहुंचते हैं।प्रतिदिन कचरा एकत्रित करने के लिए पहुंचने के बावजूद भी सडक़ किनारे संचालित होने वाले छोटे व्यवसाईयों के द्वारा सडक़ों पर यहां वहां कचरा फेंका जा रहा है जो सरासर ग़लत है।

#### सड़को पर कचरा

सब्जी मंडी, छोटा बाजार, किराना मर्केट, चाय नाश्ते की होटल और नगर के मुख्य मार्ग पर लगने वाली चाट पकौड़ी , कचोरी मंचूरियन आदि के ठेलों पर निकलने वाला कचरा रात को दुकानदारों के द्वारा सडक़ों पर ही फेंक दिया जाता है। जो सरासर गलत है स्वच्छता अभियान के चलते पूर्व में कई बार अलाउंस के माध्यम से लोगों को समझाइश दी जा चुकी है। नगर में कई लोग तो आज भी ऐसे हैं जो छतों की मंजिलों से कचरों की थैलियां रोड पर फेंक देते हैं। ऐसे में सफाई कर्मचारी की मेहनत पर पानी फिर जाता है। क्योंकि कई बार वार्ड के मोहल्ले बड़े होते है ऐसे में दोबारा उक्त रोड पर सफाई करने नहीं आ सकते और वो कचरा दिनभर रोड पर उड़ता रहता है। ऐसा लगता है कि सफाई हुई ही नहीं है। इसलिए जनहित नगर हित में नगरवासियों से नपा ने अपील की है कि सफाई हो जाने के बाद कचरे को रोड नालियों में नहीं फेंके।

### शीत और कोहरे का डबल अटैक, निवासी हैरान परेशान

# नर्मदा क्षेत्र में जारी शीत का प्रकोप

◆ लगातार शीत का प्रकोप बिगड़ रही लोगों की सेहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

पिछले 10-12 दिनों से नगर सहित संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र शीत प्रकोप के आगोश में बना हुआ है, और नवंबर माह में शरीर को कंपा देने वाली असहनीय शीत के कारण लोगों की सेहत खराब और बीमार हो रही हैं। शीत का सबसे अधिक असर बच्चा बुजुर्गों पर बना हुआ है। थोड़ी सी असावधानी पर सर्दी जुकाम, बुखार से छोटे-छोटे बच्चे पीड़ित और बीमार हो रहे हैं।

#### रात और सुबह के समय छा रहा कोहरा

पिछले 10-15 दिनों से संपूर्ण क्षेत्र के निवासी शीत का प्रकोप झेल रहे हैं। ठंड से बचाव और शरीर को गर्म बनाए रखने के उपाय जतन कर रहे हैं। वही रात और सुबह-सुबह कोहरा भी जाने लगा है, और ठंडी हवा चलने से लोग सडक़ों पर निकलने की अपेक्षा घरों में रजाई, कंबल में दुबके रहना अधिक सुरक्षित मान रहे हैं।



#### नहीं देखी ऐसी ठंड

दिसंबर जनवरी में दो-चार दिनों के लिए इतनी कड़ाके की ठंड पड़ा करती थी। इस वर्ष नवंबर माह के दो सप्ताह से लगातार इतनी अधिक ठंड पड़ रही है, कि रात में 8बजे ऐसा लगता है 11बज गए और रात 9बजे बाजार दुकाने बंद हो जाने के साथ सडक़ बाजार सुनसान हो जाते हैं। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में शीत का बना प्रकोप चर्चाओं का विषय बना हुआ है, लोगों का कहना है कि नवंबर में इतनी अधिक ठंड का प्रकोप दशकों बाद देखने को मिल रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील नटेरन (जिला विदिशा)**

प्र. क्र. 0026/अ-70/2025-26
दिनांक :- 14/11/25

हिम्मतसिंह पुत्र धीरजसिंह राजपूत निवासी ग्राम रिनिया तहसील नटेरन

बनाम

1- रामबाबू पुत्र शिवप्रसाद तिवारी निवासी ग्राम रिनिया तहसील नटेरन

-: सूचना पत्र :-

जर्ये सूचना पत्र आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक हिम्मतसिंह पुत्र धीरजसिंह राजपूत निवासी ग्राम रिनिया तहसील नटेरन द्वारा ग्राम रिनिया स्थित भूमि आराजी क्रमांक 73/1 रकबा 0.282 है. भूमि का सीमांकन कराया गया था जिसमें से 0.107 है. भूमि आपके द्वारा किये गये अवैध कब्जे में पायी गयी थी जिसके संबंध में आवेदक द्वारा कब्जा वापसी हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, उक्त संबंध में आपके अंतिम ज्ञात पते पर सूचना पत्र जारी किया जाने पर भी आपको तामील नही हो सकी है, आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अनुक्रम में मेरे न्यायालय में कार्यवाही गतिशील है, जिसके सबंध में आपका जबाब लिया जाना आवश्यक है। अतः इस सूचना पत्र के जर्ये आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत दिनांक 24/11/25 को न्यायालय में उपस्थित होवे ताकि नियमानुसार कार्यवाही की जा सके। नियत दिनांक को आपके अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। सूचना पत्र आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील नटेरन (जिला विदिशा)**

# नवंबर माह समाप्ति की ओर नहीं हुई बारना बांध की नहरों की साफ सफाई

### नहरों की सफाई नहीं होने से अवरोध होता है पानी का बहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

बाड़ी स्थित बारना बांध क्षेत्र के हजारों किसानों की आर्थिक उन्नति और स्थिति मजबूत होने का कारण बना हुआ है। किसानों द्वारा वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन कर देश का अन्य भंडार भरा जा रहा है। खरीफ में धान रबी सीजन में गेहूं चना और गर्मी के सीजन में हजारों किसानों द्वारा मूंग की खेती कर देश प्रदेश का अन्य भंडार भरा जा रहा है।

बाड़ी स्थित बांध से सीहोर जिले की बुधनी बकतरा क्षेत्र बरेली बाड़ी उदयपुरा तहसीलों में सैकड़ो किलोमीटर नहर फैली हुई है क्षेत्र में धान की कटाई का कार्य अंतिम दौर में चल रहा है नवंबर माह का तीसरा सप्ताह चल रहा है। नहरो में पानी छोडऩे से पहले मुख्य नहर,उप नहर, छोटी नहर की साफ सफाई बारिश में भारी मिट्टी गाद ऊगी झाडिय़ां को हटाने की प्रति बनी उदासीनता किसानों को समय पर पानी मिलने सिंचाई में परेशानियों का कारण बनेगी।



#### नहीं हो रही साफ सफाई

बारिश के दिनों में नहर में मिट्टी गाद पहुंच जाती है। नहर में घास झाडिय़ां उग आती हैं। बिना नहरो की साफ सफाई किए पानी छोडऩे से पानी का बहाव अवरुद्ध और गति कम बनी रहती है जिससे किसानों के खेतों तक समय से पानी न पहुंचने से पलेवा , सिंचाई में विलंब और परेशानियां उठानी पड़ती हैं। टेल क्षेत्र के ग्रामों खेतों तक तो नहर में पानी छोडऩे के एक माह वाद तक पानी पहुंचाने की स्थिति बनती है। किसानों द्वारा तत्काल बारना बांध की नहरो की व्यापक स्तर पर साफ सफाई कराई जाने की मांग की जा रही है।

#### नहरों में पानी रिसाव की समस्या

पिछले वर्षों में बारना बांध की मुख्य नहर, उप नहर को पक्का करने के कार्यों में ठेकेदारों के माध्यम से कई सौ करोड रुपए खर्च किए गए। नहर को पक्का करने (लाइनिंग) के कार्यों में बरती गई उदासीनता और घटिया निर्माण कार्यों के कारण नहर से पानी रिसाव की समस्या बनी हुई है। नहर में पानी शुरू होते ही क्षेत्र के नदी नालों का जलस्तर बढऩा शुरू हो जाता है।

# शराब का अवैध परिवहन करते हुए पुलिस ने युवक को बाइक सहित किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन विक्रय और निर्माण को लेकर जहां पूर्व से ही आबकारी विभाग के द्वारा बड़े स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के द्वारा एक युवक को शराब का अवैध परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गुलाब कहार पिता हरप्रसाद कहार निवासी छीपा मोहल्ला बरेली जोकि राष्ट्रीय राजमार्ग छींद जोड़ के पास अपनी मोटरसाइकिल एमपी 38 एमजे 29 36 से 6 पेटी देसी शराब मसाला जो बोरे में रखकर ग्रामीण क्षेत्र में सप्लाई करने के लिए जा रहा था की इसी दौरान मुखबीर में सूचना दी की एक युवक शराब का अवैध परिवहन कर रहा है। सूचना प्राप्ति के साथ ही तत्काल पुलिस ने आरोपी युवक को मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है आरोपी युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट के अंतर्गत 34/2 का प्रकरण दर्ज किया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, विदिशा**

क्रमांक/7805 / वाहन शाखा / 2025 — विदिशा, दिनांक 13/11/2025

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | निविदा क्रं. | ई-टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7805 | 2025_UAD_463337_1 | Purchasing of Four Wheeler Electric Vehicle for Solid Waste Management ( GARBAGE TIPPER ) | I Call | 5625000.00 | 42188.00 | 10000.00 | 03 months | 15/12/2025 |

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, विदिशा

## भारत और आसियान देशों के बीच पर्यटन को बढ़ावा देने प्रतिनिधियों ने किया स्तूपों का भ्रमण

# विश्व धरोहर सांची में 29-30 नवंबर को मनाया जाएगा भव्य महाबोधि महोत्सव, तैयारियां पूर्ण, कमिश्नर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी सांची में 29 तथा 30 नवंबर को महाबोधि महोत्सव एवं मेला का भव्य आयोजन किया जाएगा। मेले को लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। बुधवार को कमिश्नर संजीव सिंह तथा आईजी मिथलेश कुमार शुक्ला द्वारा सांची में मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर डीआईजी प्रशांत खरे, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, एएसपी कमलेश कुमार, एसडीएम मनीष शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कमिश्नर तथा आईजी ने व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

कमिश्नर तथा आईजी ने महाबोधि महोत्सव के दौरान सुचारू यातायात व्यवस्था, वाहन पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए निर्देश दिए। बैठक के उपरांत उन्होंने अधिकारियों के साथ बौद्ध स्तूप परिसर पहुंचकर भी व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देशित किया। प्रभारी कलेक्टर तन्मय वशिष्ठ शर्मा तथा एसपी पंकज पांडे ने महाबोधि महोत्सव एवं मेला आयोजन के संबंध में अभी तक की गई व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराया।



## आसियान देशों के प्रतिनिधियों ने किया सांची स्तूपों का भ्रमण

**रायसेन।** बुधवार को आसियान देशों के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सांची स्तूप का भ्रमण किया। उन्होंने स्तूपों को देखकर काफी सराहा और मध्यप्रदेश की प्राचीन सांस्कृतिक एवं बौद्ध विरासत को समझने और भारत-आसियान संबंधों को गहराई देने के उद्देश्य से यह भ्रमण किया।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सांची जैसे धरोहर स्थल भारत-आसियान सांस्कृतिक साझेदारी को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं और भविष्य में पर्यटन, निवेश तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान के नए अवसर खोलते हैं।




### इन देशों के प्रतिनिधियों ने किया भ्रमण

इस अवसर पर आसियान समिति प्रतिनिधि मंडल वियतनाम के राजदूत गुयेन थान्ह हाई, फिलीपींस के राजदूत जोसेफ एफ. इग्नासियों, कंबोडिया की राजदूत रथ मनी, तिमोर लेस्ते के राजदूत कार्लितो नुनेस, थाईलैंड की राजदूत छवनार्ट थांगसुमफंट, इंडोनेशिया की राजदूत इना एच कृष्णमूर्ति और मिशन प्रमुख द्वितीय सचिव ब्रुनेई दारुस्सलाम गणराज्य पेंगिरन मोहम्मद शफी अलवाली बिन पेंगिरन अबू बकर शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### कौशल के अकस्मिक निधन से नगर में शोक

**रायसेन।** बुधवार को पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह कुशवाह के सुपुत्र कौशल कुशवाह का दुखद निधन होने से शहर में शोक की लहर दौड़ गई। कौशल बहुत की व्यवहारिक और सामाजिक व्यक्ति थे। कम आयु में उनका स्वर्गवास हो जाने से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा आज गुरुवार को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान यशवंत नगर से निकाली जाएगी। अंतिम संस्कार पूरन तालाब वाले शमशान घाट पर किया जाएगा।



### कश्यप चौबे का निधन

**रायसेन।** जिला धर्माधिकारी स्व. पंडित मदनलाल चौबे के पौत्र एवं जयप्रकाश चौबे के पुत्र कश्यप चौबे का अल्प आयु में निधन हो जाने से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार की शाम को कश्यप को हार्ट अट्रैक आ जाने से निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार भोपाली फाटक वाले शमशान घाट पर किया गया।



## ठिठुरते हुए बच्चे पहुंच रहे स्कूल, नहीं किया समय में बदलाव

# सर्दी ने पकड़ा जोर, पारा 10 डिग्री से नीचे, नपा के नहीं जले अलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

माह नवंबर के तीसरे सप्ताह की शुरुआत के साथ ही सर्दी का असर बढ़ने से अब दिन के समय भी लोग गर्म कपड़ों में नजर आने लगे हैं। हालाकि नवंबर के तीसरे सप्ताह से मौसम का मिजाज बदलने से लोगों की दिनचर्या में भी बदलाव आ गया। वहीं अधिक सर्दी से लोगों के स्वास्थ्य पर भी काफी प्रभाव नजर आ रहा है। डॉक्टरों ने सर्दी से बचाव की सलाह दी है।

बुधवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री दर्ज हुआ, जबकि न्यूनतम तापमान 10 डिग्री पर अटका रहा। वहीं सुबह के समय हल्का कोहरा भी छाया रहा। हालांकि नवंबर के पहले सप्ताह में तापमान मिला जुला रहा। लेकिन दूसरे सप्ताह और तीसरा सप्ताह से सर्दी ने जोर पकड़ा और फिलहाल तीसरा सप्ताह तक पूरी तरह रंगत में आ चुका है। यही वजह है कि 16 नवंबर से सर्दी का मौसम पूरी तरह से अपना असर दिखने लगा है।

सर्दी के कारण कई लोग बीमार हो रहे हैं, जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या इजाफा हो रहा है। प्रदेश के कई जिलों में स्थानीय कलेक्टर द्वारा शीत लहर को देखते हुए सुबह की शिफ्ट में लगने वाले स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया है, परन्तु रायसेन जिले में बच्चें अभी भी सुबह ठिठुरते हुए स्कूल जाते नजर आ रहे हैं।



### सुबह 8 बजे खुल रहे स्कूल, बदलाव की मांग

◆ *सर्दी का असर बढ़ते ही अभिभावकों द्वारा स्कूलों का समय बदलने की भी मांग उठाई जाने लगी है। अभिभावकों का कहना है कि शहर में कई निजी स्कूल अब भी 7 से लेकर 8 बजे से ही शुरू हो रहे हैं, जिससें बच्चों को काफी दिक्कतें आ रही है। विशेषकर छोटे बच्चों को, ऐसे में स्कूलों का समय बदला जाए। अभिभावकों का कहना है कि स्कूलों का समय सुबह 9 बजे के बाद होना चाहिए। अभिभावकों ने कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, डीईओ डीडी रजक से सुबह की पाली के स्कूलों का समय परिवर्तन की मांग की है। उनका यह भी कहना है कि तेज ठंड पड़ने से छोटे बच्चे बीमार होने लगे हैं।*

### अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

सर्दी के तेवर अब तीखे होने लगे हैं, स्थिति ये है कि पिछले 4 दिन से न्यूनतम तापमान 10 डिग्री पर बना हुआ है। जिसके चलते रात के साथ ही सुबह देर तक भी गलन बढने लगी है। ऐसे में कई लोगों पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, लोग बीमार हो रहे है। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 700 से 800 मरीज पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों से सर्दी से बचाव की एडवायजरी जारी की है।

### डॉक्टरों की सलाह

बढ़ती हुई सर्दी से बुजुर्गो एवं बीमार व्यक्तियों पर इसका खासा असर देखने मिल रहा है। डॉ सौरभ जैन ने बताया कि सर्दी में शरीर का खून गाढ़ा हो जाता है, जिससे ब्रेन हेमरेज, हार्ट अट्रैक सहित कई गंभीर बीमारियों से मौत भी हो सकती है।

डॉक्टरों के अनुसार इन आदतों को करें अपनी दिनचर्या में शामिल।

- सुबह के समय ज्यादा जल्दी न उठें।
- गर्म पानी का सेवन करें
- गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकलें।
- कान व गले को अच्छे से ढक कर रखें।
- गरिष्ठ भोजन का कम उपयोग करें।
- व्यायाम एवं योग करते रहें।

### अलाव की नहीं व्यवस्था

नगर पालिका द्वारा शहर के सार्वजनिक जगहों बस स्टैंड, मुख्य चौराहा, जिला अस्पताल सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाए जाते थे। अलाव जलाने के लिए लकड़ियां की व्यवस्था भी नगर पालिका द्वारा उपलब्ध कराई जाती रही है, लेकिन इस बार नगर पालिका द्वारा ठंड से बचाव का अभी तक कोई प्रबंध नहीं किया गया है। जिससे लोगों को राहत मिल सके।

## हादसों की बालमपुर घाटी साल भर में कई दुर्घटनाएं

### हादसे रोकने जिम्मेदार नहीं उठा रहे कोई कदम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज/सलामतपुर

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर स्थित बालमपुर घाटी को अब हादसों की घाटी भी कहा जाने लगा है। क्योंकि यहां पर आए दिन ट्रक रिवर्स होकर या टकराकर खाई में गिरते रहते हैं। घाटी पर दुर्घटनाएं होने का कारण अधिक चढ़ाई और अंधा मोड़ होना बताया जा रहा है। जिसकी वजह से बालमपुर घाटी पर आए दिन ऐसे हादसे होते हैं, जिससे स्थानीय लोग लगातार सुरक्षा इंतज़ाम बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन ज़िम्मेदार एमपीआरडीसी विभाग यहां पर सुरक्षा के कोई खास इंतेज़ाम नही कर रहा है। ट्रक ड्रायवरों ने कहा है कि अगर शीघ्र ही इस और ध्यान नही दिया तो उनके द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

#### इनका कहना है

स्टेट हाइवे 18 पर यातायात का अत्यधिक दवाब रहता है। घाटी पर अंधा मोड़ होने की वजह से भी दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से कोई भी संकेतक बोर्ड नही लगाए हैं। इसीलिए यहां पर आए दिन हादसे बढ़ रहे हैं। इस हाइवे को शीघ्र ही 4 लाईन किया जाए। लोग तो अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहने लगे हैं।

**- रघुवीर सिंह मीणा,** सरपंच रातातलाई।

### घाटी पर 100 से अधिक हो चुकी घटनाएं

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 की बालमपुर घाटी पर भी सप्ताह में एक दो हादसे हो रहे हैं जिसमें कई वाहन चालक अपनी जान गवां चुके हैं। और कई लोग घायल भी हो चुके हैं। फिर भी बालमपुर घाटी पर जिम्मेदारों द्वारा दुर्घटनाएं रोकने कोई सुरक्षित उपाय नहीं किये जा रहे हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कुछ माह पहले हो रहे हादसों को रोकने के लिए एमपीआरडीसी ने टूटी रेलिंग की जगह बोरियां भरकर रेडियम लगवा दिए थे। ताकि सड़क हादसे रोके जा सकें।

## क्षेत्र में बुधवार को घना कोहरा छाया, अलाव के सहारे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र में बुधवार को घना कोहरा छाया, 50 मी तक का भी व्यक्ति कोहरे के कारण दिखाई नहीं दे रहा था दिन में भी रात जैसी ठंड पड़ रही है। साथ ही क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

15 नंबर से लेकर 19 नवंबर की रातें सीजन में सबसे सर्द रही। तीन दिन में 5 डिग्री से अधिक तापमान गिरकर न्यूनतम पर पहुंच गया है। पश्चिमी विक्षोभ और पछिया हवा से गलन वाली ठंड बढ़ गयी है। आलम यह है कि शाम होते ही लोग घरों में दुबक रहे हैं। 5 दिन से लगातार ठंड से लोगों को कोई राहत नहीं मिल सकी।

तापमान लुढ़कने से ठंड बढ़ गई है जिससे लोगों की मुश्किलें काफी बढ़ गई है मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है। दो से तीन किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पछिया हवा चलने का अनुमान है जिससे कनकनी से अभी राहत की उम्मीद नहीं की जा सकती है। बुधवार सुबह तो 50 मीटर तक का व्यक्ति स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था।

## सांसद खेल महोत्सव : सांदीपनि स्कूल में प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सांसद खेल महोत्सव के तहत नगर के सांदीपनि विद्यालय के खेल मैदान पर बुधवार को रस्साकशी, चम्मच दौड़ व कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां पर विजताओं को पुरुष्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता दुर्गेश सिंह राजपूत, नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक रहे। जबकि पार्षद प्रदीप कुशवाहा, भाजपा मंडल महामंत्री लखन चंदेल, लखन मेहरा, बाबू ठाकुर, गुडडु कंडेक्टर, आदि विशेष रुप में मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक मोहम्मद तारिक ने किया जबकि आभार माना सीएमओ ऋषिकांत यादव ने। प्रतियोगिता में सहभागिता करने के लिए सुबह से ही खिलाड़ियों का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना प्रारंभ हो गए। खेल मैदान पर बड़ी संख्या में पहुंचे खेल प्रेमियों के द्वारा खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया गया।



### सांसद खेल महोत्सव में यह रहे विजेता

आयोजित किए गए सांसद खेल महोत्सव में मौजूद रहे निर्णायक मंडल के द्वारा बेहतर खेल प्रदर्शन के आधार पर विजेता, उप विजेता टीम व खिलाड़ियों की धोषणा की गई। जिसमे कुर्सी दौड़ पुरुष वर्ग में प्रथम विभोर नायक, द्वितीय आशीष अहिरवार तथा तृतीय स्थान श्याम साहू ने हासिल किया। जबकि महिला वर्ग में प्रथम रेशु विभोर नायक, द्वितीय सनी सियोते व तृतीय स्थान प्रतिष्ठा जैन ने प्राप्त किया। इसी तरह चम्मच दौड़ के पुरुष वर्ग में प्रथम प्रदीप कुशवाहा प्रथम तथा राज नामदेव ने द्वितीय स्थान पाया। यहां पर महिला वर्ग में प्रथम हंसिका चौरसिया प्रथम, मोहनी द्विती व सनी सियोते ने तृतीय स्थान कब्जा जमाया। रस्साकशी प्रतियोगिता में महिला वर्ग में प्रथम रानी लक्ष्मी बाई टीम तथा द्वितीय स्थान पर रानी अबंती बाई टीम रही। पुरुष वर्ग में प्रथम वार्ड नंबर 4 की टीम रही। जबकि नगर परिषद की टीम को द्वितीय स्थान से ही संतुष्ट होना पड़ा।

प्रतियोगिता के विजेता, उप विजेता आदि को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे प्रतिनिधियों के द्वारा पुरुष्कृत राशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

## बीएलओ को निर्देश- डिजिटाइजेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं

# प्रभारी कलेक्टर ने एसआईआर का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत जिले में मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए एसआईआर प्रक्रिया संचालित की जा रही है। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा द्वारा शहर के वार्ड 12 सहित अन्य वार्डो के मतदान केन्द्रों में पहुंचकर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ से मतदान केन्द्र में दर्ज मतदाताओं की संख्या, अभी तक मतदाताओं को वितरित किए तथा प्राप्त किए गणना पत्रक और उनके डिजिटाईजेशन की जानकारी ली।

प्रभारी कलेक्टर ने बीएलओ से मतदान केन्द्र में दर्ज मतदाताओं की संख्या, अभी तक मतदाताओं को वितरित किएगणना फार्म, मैपिंग एवं फॉर्मो का डिजिटलाईजेशन के कार्य की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।



### गणना पत्रक लेकर डिजिटलाईजेशन कार्य तेजी से करें

उन्होंने बीएलओ से कहा कि मतदाताओं को प्रपत्र भरने में किसी प्रकार की परेशानी आने पर उसका निराकरण भी तत्काल सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं से भरा हुआ गणना पत्रक प्राप्त करने के बाद डिजिटलाईजेशन का कार्य तेजी से किया जाए। प्रभारी कलेक्टर ने वार्ड में भ्रमण के दौरान मतदाताओं से भी एसआईआर के बारे में चर्चा की। इस दौरान अपर कलेक्टर तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज उपाध्याय, एसडीएम रायसेन मनीष शर्मा भी उपस्थित रहे।

### बीएलओ को प्राथमिकता के साथ कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

प्रभारी कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित वीडियो कॉफ्रेंस में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर कार्य में न्यूनतम प्रगति वाले बीएलओ से वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से संतोषजनक प्रगति नहीं होने का कारण पूछते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं होगी। प्रभारी कलेक्टर द्वारा बीएलओ सहित एसआईआर कार्य में संलग्न कर्मचारियों को एसआईआर का कार्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप गंभीरता और प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक बीएलओ स्तर पर प्रतिदिन 100 गणना पत्रक का संग्रहण कर डिजिटलाईजेशन की कार्यवाही अनिवार्य रूप से करें।

# कायमपुर में तेंदुए का कहर, दो दिन से लापता गाय जंगल में मृत मिली

## लगातार हो रही घटनाओं से गांव में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

जिले के सांची विकासखंड के ग्राम कायमपुर में तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला अनिल शर्मा की गाय का है, जो दो दिन पहले अचानक लापता हो गई थी। गाय मालिक लगातार उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन बुधवार सुबह करीब 11 बजे वह जंगल में मृत अवस्था में मिली। गाय के शरीर पर तेंदुए द्वारा खाए जाने के स्पष्ट निशान पाए गए।

ग्रामीणों के अनुसार, यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी तेंदुआ ग्राम कायमपुर में उधम सिंह की गाय की बछिया, राजवीर की बछिया, और भूरा की बकरी एवं बछिया को अपना शिकार बना चुका है। लगातार हो रही घटनाओं से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने इन घटनाओं की जानकारी वन विभाग को दे दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

ग्रामीण वन विभाग से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग कर रहे हैं ताकि तेंदुए के आतंक से राहत मिल सके।

### अब तक 30 मवेशियों पर तेंदुआ कर चुका है हमला



*पश्चिम वन क्षेत्र के ग्राम कायमपुर, नरखेड़ा, कुल्हाड़िया और सत्ती गांव सहित आसपास क्षेत्र में तेंदुए के बढ़ते आतंक से ग्रामीण परेशान और भयभीत हैं। गांव में तेंदुआ लगातार मवेशियों को अपना शिकार बना रहा है। पिछले एक साल में तेंदुआ अब तक 30 मवेशियों पर हमला कर चुका है। कुछ दिन पूर्व भी एक ग्रामीण के घर के पीछे बंधे गाय के बछड़े पर तेंदुए ने हमला किया था। यह घटना रात करीब 2 बजे की थी। तेंदुए के हमले से बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया था और जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते हुए उसकी मौत हो गई थी। बताया कि एक साल पहले भी उनके एक अन्य बछड़े को तेंदुआ अपना शिकार बना चुका है। यह दूसरी बार था जब उनके मवेशी पर तेंदुआ ने हमला किया। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग की है ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और मवेशियों को बचाया जा सके।*